पेज थ्री
देहरादून

आरुषि निशंक को सम्मानित करते हुए।

देहरादून, शनिवार 31 अगस्त, 2019





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक जोशी ने किया पुल निर्माण स्थल का निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने सहस्त्रधारा मुख्य मार्ग में काली–रो नदी में बनने वाले पुल का निरीक्षण किया। उन्होनें दूरभाष पर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात के समाप्त होते ही पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए। विश्व बैंक से वित्त पोषित यह पुल सहस्त्रधारा जाने वालों के लिए काफी मददगार होगा। इस अवसर पर अनुज कौशल, वीर सिंह चौहान, अरविन्द तोपवाल, धीरज थापा, संदीप थापा, प्रदीप रावत, मसीद अली, संजू थापा आदि उपस्थित रहे।

### निर्वाचक सत्यापन कार्यक्रम 1 सितंबर से

**संवाददाता** देहरादून। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावली को शत–प्रतिशत शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाये रखने के लिये 01 सितम्बर से निर्वाचक सत्यापन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी अर्ह मतदाता निर्वाचक नामावली में नाम संशोधन, स्थान परिवर्तन व सूची से नाम हटवाने हेतु प्रयोग कर सकते हैं अथवा से सम्पर्क कर सकते हैं। समस्त अर्ह मतदाता निर्वाचक नामावली में किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु निकटतम में भी जा सकते हैं।

### गरीब बालिका का जन्मदिन मनाया

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर के मंत्री लच्छू गुप्ता ने गरीब कन्या अमृता का जन्मदिन उसके साथियों के साथ केक काटकर मनाया। बालिका और उसके साथियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने कहा कि गरीब बालिका का जन्मदिन मनाने के लिए महानगर मंत्री लच्छू गुप्ता को मैं धन्यवाद देती हूं क्योंकि यह बच्चे झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं और इन लोगों के पास इतना पैसा नहीं होता कि वे अपना जन्मदिन उत्सव मना सकें।

### लड़कियों का हौसला अफजाई करने पहुंची आईपीएस निवेदिता कुकरेती

देहरादून। पहाड़ की बेटियों के लिए प्रेरणा और हाल ही में एसएसपी देहरादून के पद से स्थानांतरित हुई निवेदिता कुकरेती यूथ फाउंडेशन के कैंप में कोर मिलिट्री पुलिस की ट्रेनिंग ले रही युवतियों को प्रेरित करने पहुँची। बालावाला में स्थित सरदार भगवान सिंह यूनिवर्सिटी में ऑफिसर का गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। इसके बाद शिविर की युवितयों ने कई रंगारंग कार्यक्रम जैसे खुंखरी नृत्य व लोक नृत्य आदि पेश किये।

## बहुश्रुत आरुषि निशंक भारत गौरव फाउंडेशन अवार्ड से सम्मानित

**संवाददाता** नई दिल्ली/देहरादून। सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना, फिल्म निर्मात्री, कवित्री, व्यवसायी, पर्यावरणविद् व समाज सेविका आरुषि निशंक को भारत गौरव अवार्ड फाउंडेशन ने भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन्हें कला और संस्कृति के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य के लिए दिया गया। दिल्ली के ताज पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान आरुषि को दिया गया जिसमें श्री रतन लाल कटारिया एम ओ एस जल शक्ति, मार्गनी भारत सांसद लोकसभा, सत्य नारायण जातीय सांसद लोकसभा, संग्राम सिंह इंडियन रेसलर समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आरुषि सुप्रसिद्ध कत्थक गुरु पदम् विभूषण बिरजू महाराज की शिष्या हैं और भारत सरकार के भारत विदेश सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् की कलाकार हैं. ये एक दर्जन से साधिक देशों में अपनी कत्थक की प्रस्तुति दे चुकी हैं. कत्थक के अलावा आरुषि विगत 10 वर्षों से सामाजिक क्षेत्रों में पर्यावरण संस्करण व संवर्धन, नारी सशक्तिकरण और पवित्र गंगा नदी अवं उसकी सहायक नदियों की स्वछता अवं संरक्षण के कार्यों में संलग्न हैं। आरुषि केंद्र सरकार की नमामि गंगे परियोजना की प्रमोटर हैं और साथ ही साथ हिमालय तथा नदियों की स्वछता अवा संवर्धन के समर्पित अभियान स्पर्श गंगा की राष्ट्रीय संयोजक भी हैं. इसके अलावा इनके द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश विदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित करती आ रही हैं। इस मौके पर अपनी प्रसन्ता व्यक्त करते हुए आरुषि निशंक ने कहा, मैं धन्यवाद् करती हूँ।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश की धरोहरः एसीएस राधा रतूड़ी

**निर्देश**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में जिलाधिकारियों को दिए दिशा–निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड राज्य के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों की विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक सम्पन्न हुयी।

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी किसी जनपद या राज्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वह पूरे देश की धरोहर हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए, चाहे वह किसी भी जनपद अथवा अन्य राज्य से सम्बन्धित क्यों न हों। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सभी समस्याओं की मॉनिटरिंग की जाए। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नामित कर उनका फोन नम्बर भी प्रचारित किया जाए, ताकि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अपनी समस्याओं को लेकर इधर–उधर न भटकना पड़े। अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि जनपदों की सभी तहसीलों में उस क्षेत्र में निवास कर रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की लिस्ट उपलब्ध करा दी जाए, जिससे तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों को अपने क्षेत्र में रह रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जानकारी रहे, एवं आवश्यकता पड़ने पर उनकी समस्याओं का समयबद्ध रूप से निराकरण किया जा सके।



अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी बैठक लेते हुए।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था बनायी जाए ताकि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अपने छोटे–छोटे कार्यों के लिए दून और जनपद मुख्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। बैठक में बताया गया कि परिवहन निगम की सरकारी बसों की भांति वोल्वो बसों में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, उनकी विधवाओं को एक सहायक के साथ तथा प्रथम पीढ़ी के समस्त उत्तराधिकारियों को निशुल्क यात्रा सुविधा दी जा रही है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रथम पीढ़ी के उत्तराधिकारियों को कुटुम्ब पेंशन दिये जाने के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड के सभी जिलाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि प्राप्त हो रहे आवेदनों का परीक्षण करते हुए पेंशन दिये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

इस पर अपर मुख्य सचिव द्वारा कुटुम्ब पेंशन दिये जाने हेतु निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी अल्मोड़ा द्वारा बताया गया कि अल्मोड़ा निवासी वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आनन्द सिंह बिष्ट के पैतृक आवास में हैण्ड पम्प लगाए जाना है, जिसकी शासन स्तर से स्वीकृति मिल गयी है एवं शीघ्र ही हैण्डपम्प लगा दिया जाएगा।

# गुरुनानक की तपस्थली का विकास करना सरकार की प्राथमिकता

**आयोजन**

■प्रथम गुरू गुरूनानक देव ने धर्म और समाज की रक्षा करने का संदेश दिया

**संवाददाता**

नानकमत्ता/देहरादून। नानकमत्ता के धार्मिक डेरा कारसेवा में पंथरत्न बाबा हरवंश, बाबा फौजा सिंह व बाबा टहल सिंह की बरसी पर आयोजित अखण्ड पाठ एवं भोग कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि गुरूनानक की तपस्थली का विकास करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा इस धार्मिक नगरी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। नानकमत्ता के विकास में कोई कमी नही की जायेगी।



अखण्ड पाठ एवं भोग कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित सीएम व अन्य।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सिक्खों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी ने हमेशा अपने अनुयायियों को धर्म और समाज की रक्षा करने का संदेश दिया। गुरूनानक देव ने हमेशा गरीब व ईमानदारों की सेवा की, वे महान संत थे। उन्होने कहा कि सिक्खों द्वारा अपने गुरूओं के बताये गये मार्ग पर चलकर आज देश व समाज की सेवा की जा रही है। इससे पूर्व सीएम द्वारा पूर्व में की गयी मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत डेराकार सेवा गुरूद्वारा नानकमत्ता में 95.35 लाख से बनने वाले पार्किंग स्थल व नानकमत्ता में थारू विकास भवन का शिलान्यास किया थारू विकास भवन 171.94 लाख की लागत से निर्मित किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने श्री नानकमत्ता साहिब के हरमिन्दर साहिब दरबार में मत्था टेका तथा प्रदेश के सुख समृद्धि की अरदास की। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि नानकमता गुरूद्वारा उनके संसदीय क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि गुरूद्वारे की मांगो को पूर्ण करने का यथा सम्भव प्रयास किया जायेगा।

## वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर नौटियाल के निधन पर दुख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रचार समन्वयक धीरेंद्र प्रताप ने वरिष्ठ पत्रकार और ब्लिटज के संपादक नंदकिशोर नौटियाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने स्वर्गीय नंदकिशोर नौटियाल को पत्रकारिता जगत का भीष्म पितामह बताते हुए कहा है कि उन्होंने मुंबई में रहते हुए व ब्लिट्ज का संपादन करते हुए स्वर्गीय आर के करंजिया के साथ पत्रकारिता के नए मानदंड स्थापित किए थे। उन्होंने सारा जीवन सादगी पूर्वक बिताया और उत्तराखंड के गठन के बाद बद्रीनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में बद्रीनाथ मंदिर के उद्धार में भी चार चांद लगाए। उन्होंने कहा स्वर्गीय नंदकिशोर नौटियाल कलम के धनी थे और उन्होंने देश को कई यशस्वी पत्रकारों की एक लंबी कड़ी उपलब्ध कराई। ब्लिटज और नूतन सवेरा के संपादक के रूप में उन्होंने देश को कई ऐसे समाचार दिए जो वर्षों तक खोजपूर्ण पत्रकारिता के लिए चर्चित रहे। उन्होंने पत्रकारिता में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।